आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 08.08.2024 समय : 07.10 pm

मुख्य समाचार :–

- बैगलूरू में निवेषकों के साथ सफल रहा सम्मेलन, 32 सौ करोड़ रूपये के मिले निवेष प्रस्ताव।
- लोकसभा में वक्फ संषोधन विधेयक 2024 हुआ पेष, सरकार ने कहा यह मुस्लिम समुदाय के वंचित वर्गो को देगा न्याय।
- 13 अगस्त को उद्‌यमी सम्मेलन के साथ रक्षाबंधन के होंगे कार्यक्रम, मुख्यमंत्री महिला उद्‌यमियों से करेंगे संवाद।
- उज्जैन के महाकाल मंदिर परिसर में आज रात 12 बजे से खुलेंगे नागचंदेष्वर मंदिर के पट, कल मनेगी नागपंचमी।

अब समाचार विस्तार से:–

बैंगलुरू समिट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वर्तमान में सरप्लस एनर्जी स्टेट के रूप में जाना जाता है, ऊर्जा उत्पादन में 23% नवकरणीय ऊर्जा का योगदान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बेंगलुरु में आयोजित इन्वेस्ट मध्यप्रदेश : इन्टरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपोर्च्यूनिटीज इन मध्यप्रदेश के संवाद-सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में चार एमओयू पर हस्ताक्षर भी हुए। लगभग 3200 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। बैंगलुरू में 11 कंपनियों से प्रस्ताव मिले हैं।

लोकसभा - वक्फ विधेयक

वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 को संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विधेयक पेश करते हुए कहा कि सरकार प्रस्तावित कानून की आगे की जांच के लिए तैयार है। इससे पहले श्री रिजीजू ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य धार्मिक निकाय के कामकाज में हस्तक्षेप करना नहीं है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य मुस्लिम समुदाय के वंचित और गरीब वर्गों को न्याय प्रदान करना है। श्री रिजिजू ने कहा कि यह कानून सच्चर समिति और पिछली सरकारों की विभिन्न समितियों की सिफारिशों के अनुसार लाया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्डों के कामकाज में कई खामियां हैं और कुछ लोगों ने इन बोर्डों पर कब्जा कर लिया है। यह कानून पारदर्शिता लाने और मुस्लिम महिलाओं तथा पिछड़े मुसलमानों का उचित प्रतिनिधित्व तय करने के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्डों से संबंधित लगभग 12 हजार मामले लंबित हैं और इस विधेयक में ऐसे मामलों को छह महीने में निपटाने का प्रावधान है।

उद्यमी सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 अगस्त को उद्यमी सम्मेलन सह रक्षाबंधन कार्यक्रम में प्रदेश की महिला उद्यमियों से संवाद करेंगे। कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में होने वाले इस कार्यक्रम में प्रदेश की 500 से अधिक महिला उद्यमी बहनें

शामिल होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ महिला उद्यमी अपने अनुभव भी साझा करेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्यमियों को अनुदान भी वितरित करेंगे। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण टीवी चैनलों और सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर किया जायेगा।

जर्जर मकान

प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में स्थित खतरनाक एवं जीर्ण-क्षीर्ण भवनों के संबंध में नगरीय निकायों में सख्त कार्रवाई करते हुए इनके खतरनाक हिस्सों को तत्काल हटाया जाये। यह निर्देश आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भरत यादव ने समस्त नगर पालिक निगम आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर परिषद को जारी किये हैं। निर्देश में कहा है कि किसी भी प्रकार की जन-धन हानि को रोकने के लिये यह आवश्यक है कि अधिनियम की धाराओं के अनुसार जर्जर मकानों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी रखी जाये। आयुक्त ने नगरीय निकायों को हिदायत दी है कि जीर्ण-क्षीर्ण भवनों के संबंध में केवल सूचना-पत्र जारी न की जाए बल्कि इससे संबंधित समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जर्जर एवं खतरनाक भवन में यदि कोई परिवार रह रहा है, तो जिला प्रशासन के सहयोग से उनके व्यवस्थापन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

संपूर्णता अभियान

छतरपुर जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने आकांक्षी ब्लॉक बक्सवाहा अंतर्गत संपूर्णता अभियान के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएमएचओ को बच्चों के टीकाकरण को 100 प्रतिशत पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। कृषि अधिकारी को सॉइल हेल्थ कार्ड को बाटने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा बिना फर्टिलाइजर इस्तेमाल किए ऑर्गेनिक फॉर्मिंग की तरफ एक ऐसे ग्राम को चिन्हित कर उसको 100 प्रतिशत सैचुरेशन तक पहुंचाएं। कलेक्टर ने आने वाले 8 सितंबर को नेशनल लिटरेसी डे मनाए जाने के लिए ड्रॉप आउट हुए बच्चों को किताब बांटने के लिए निर्देश दिए।

टीकाकरण

प्रदेश के स्कूलों में प्रत्येक गुरुवार को शालेय टीकारण दिवस मनाया जाएगा। परिवहन और स्कूली शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि इसके तहत आज से टीडी टीकारण के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया x;k । उन्होंने नागरिकों से प्रदेश को डिप्थीरिया रोग मुक्त कराने में सहभागी बनने का आव्हान किया है। डिंडौरी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में आज शासकीय शालाओं में शालेय टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

नागपंचमी

उज्जैन में ज्योर्तिलिंग महाकाल मंदिर परिसर में स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट वर्ष में एक बार नागपंचमी पर 24 घण्टे के लिए खुलते हैं। आज रात्रि 12 बजे पट खुलेंगे

और शुक्रवार रात्रि 12 बजे पूजन पश्चात एक वर्ष के लिए पुन: बंद हो जाएंगे। वर्ष में एक बार सिर्फ 24 घण्टे के लिए पट खोलने को लेकर पौराणिक मान्यताएं भी हैं। नागपंचमी को दोपहर 12 बजे कलेक्टर पूजन करेंगे। यह सरकारी पूजा होगी। यह परंपरा रियासतकाल से चली आ रही है। रात 8 बजे महाकालेश्वर प्रबंध समिति द्वारा पूजन होगा।

मौसम

प्रदेश में पिछले तीन दिनों से भारी बारिश का दौर थम गया है। लेकिन कुछ जिलों में अभी भी हल्की बारिश हो रही है। कल प्रदेश के 14 जिलों में हल्की बारिश हुई। दमोह में 1 इंच पानी गिरा, जबकि जबलपुर में पौन इंच बारिश हो गई। खजुराहो, मंडला, सीधी में आधा इंच से ज्यादा बारिश हुई। आज भी उत्तर-पूर्वी हिस्से के 17 जिलों में तेज बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट है।

मौसम विभाग के अनुसार, 9 से 12 अगस्त तक प्रदेश में बारिश की स्ट्रॉन्ग एक्टिविटी नहीं है। इस अवधि में अल्प बारिश का दौर बना रहेगा।

समाचार संक्षेप esa -----

- लोकसभा सत्र के दौरान खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने नई दिल्ली में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितीन गडकरी से मुलाकात कर खंडवा संसदीय क्षेत्र की सभी विधानसभाओ के विभिन्न नवीन सड़कों के प्रस्ताव पर स्वीकृति हेतु आग्रह किया।
- नर्मदापुरम जिले की पचमढ़ी में नागद्वारी मेले में कल नागपंचमी पर्व पर भक्तों की सर्वाधिक संख्या होगी। इसे लेकर जिला प्रशासन ने पुलिस और चिकित्सा विभाग की ओर से पुख्ता व्यवस्थाएं की हैं।
- आज सीहोर के शासकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पचामा में पंचायत भवन परिसर में पौधरोपण किया गया।
- खंडवा ज़िले में लगातार बारिश और बांध के बढ़ते जल स्तर के चलते इंदिरा सागर बांध के 12 गेट और ओंकारेश्वर बांध के 18 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। नीचले इलाकों के लोगों को नदी के किनारों से दूर रहने की हिदायत दी गई है।
- आगरमालवा कलेक्टर ने जनपद पंचायत सुसनेर में कल पटवारियों की बैठक लेकर राजस्व महा अभियान 2.0 की समीक्षा करते हुए ज़िले के किसानों की समग्र से आधार ईकेवाईसी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए
- राजस्व महाअभियान के तहत आयोजित शिविरों में नीमच जिला कलेक्टर ने शिविर में उपस्थित किसानों की राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण किया। साथ ही किसानों का राजस्व रिकार्ड अपडेट करने के निर्देश दिए

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- बैंगलूरू में निवेषकों के साथ सफल रहा सम्मेलन, 32 सौ करोड़ रूपये के मिले निवेष प्रस्ताव।
- लोकसभा में वक्फ संषोधन विधेयक 2024 हुआ पेष, सरकार ने कहा यह मुस्लिम समुदाय के वंचित वर्गो को देगा न्याय।
- 13 अगस्त को उद्यमी सम्मेलन के साथ रक्षाबंधन के होंगे कार्यक्रम, मुख्यमंत्री महिला उद्यमियों से करेंगे संवाद।
- उज्जैन के महाकाल मंदिर परिसर में आज रात 12 बजे से खुलेंगे नागचंदेष्वर मंदिर के पट, कल मनेगी नागपंचमी।

....................